हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 23 अगस्त 2025
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार देने नेट्स और...



07 स्टेशन पर यात्रियों व स्टाफ को साइबर...



## खबर संक्षेप में



### परमात्मा की प्रतिदिन मनमोहक अंगी रचना

**नलखेड़ा।** श्वेतांबर जैन समाज के चल रहे पर्यूषण महापर्व को लेकर श्री चंद्र प्रभु जैन मंदिरजी में परमात्मा की प्रतिदिन मनमोहक अंगी रचना सुरेशचंद काठेड़ एवं अशोक कुमार धारीवाल द्वारा बनाई जा रही है। जिसके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में समाजजन जिन मंदिर पहुंच रहे हैं।

### खो खो व कबड्डी में गुरुकुल के छात्रों का जिला स्तर पर चयन

**नलखेड़ा।** खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत नलखेड़ा में हाल ही में खो खो और कबड्डी की ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल से अंडर 19 में राजवीर सिंह राजपूत और रोहित मालवीय एवं अंडर 17 से भानुप्रताप सिंह कुलदीपसिंह व लोकेश खंगोड़ा का कबड्डी में जिला स्तर पर चयन हुआ। खो खो प्रतियोगिता में अंडर 19 से राजवीरसिंह अरूण सूर्यवंशी एवं अंडर 17 से भव्यराज सिंह ने जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। विद्यालय परिवार ने उक्त छात्रों का चयन होने पर सम्मानित कर शुभकामनाएं देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मानव अधिकारों के उल्लंघन की शिकायत अब ऑनलाइन भी

**सीहोर।** मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल पर पत्राचार द्वारा टोल फ्री नंबर 144334 पर भी कर सकते हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के मदद सेंटर में उपस्थित होकर लिखित शिकायत या मोबाइल नम्बर 9810298900 एवं नागरिक सेवा केंद्र यानि सीएससी में 30 रुपए का शुल्क जमा करके शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।

### जैन आराधना भवन में कल्पसूत्र शास्त्र का वाचन प्रारंभ

# कल्पवृक्ष के समान फल देने वाला शास्त्र है कल्पसूत्र : रत्ननिधि





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कल्पसूत्र ऐसा शास्त्र है जो कल्पवृक्ष के समान फल देने वाला है। इसका एक-एक अक्षर रत्न तुल्य है। इसीलिए इस शास्त्र को 21 बार सुनने वाला बिना तप तथा तपस्या किए ही जीवन मरण के चक्र से मुक्त होकर सातवें या फिर तीसरे भव के अंदर मोक्ष पद का अधिकारी हो जाता है। पर्यूषण पर्व के कल्पधर दिवस पर शुक्रवार को जैन आराधना भवन में कल्पसूत्र शास्त्र का वाचन कर उसकी महिमा पर प्रकाश डालते हुए रत्ननिधि म.सा. एवं पुण्य निधि म.सा. ने बताया कि पर्यूषण महापर्व हमे आत्म जागृति का संदेश देता है। इन दिनों में हमें शत्रु को नहीं शत्रुता को ही हटाना है। समता का सृजन कर अहम का विसर्जन करना चाहिए। उन्होंने श्रावकों के करने वाले 11 वार्षिक कर्तव्यों पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि हमें वर्ष भर में कम से कम एक बार संघ पूजा, साधार्मिक भक्ति, तीन यात्रा (जिसमें रथ यात्रा, भक्ति यात्रा, तीर्थ यात्रा ) स्नात्र महोत्सव, देव द्रव्य की वृद्धि, महापूजा, रात्रि जागरण, श्रुत (ज्ञान) भक्ति, उद्यापन, तीर्थ प्रभावना, हृदय शुद्धि (आलोचना) यहां 11 वार्षिक कर्तव्यों का पालन वर्ष भर में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें परमात्मा की वाणी का श्रवण कर उनकी कही गई बातों को आचरण में लाकर जीवन के लक्ष्य को पूर्ण करना चाहिए। जीवन में परिवर्तन भी वही कर सकता है जो परमात्मा की वाणी को आचरण में लाने का पुरुषार्थ करें। क्योंकि पुरुषार्थ करने वाला ही सिद्धि के सोपान पर आरुढ़ हो सकता है।

महावीर ने हमें मृत्यु को महोत्सव बनाने का संदेश दिया वही राम ने हमें मर्यादा से कैसे जीवन जिया जाए यहा सिखाया है। उन्होंने कहाकि तीर्थो में विमलाचल, नदियो में गंगा, महापुरुषो में राम, मंत्र में नवकार महामंत्र, औषधि में अमृत, नारियो में सीता जैसे श्रेष्ठ है, वैसे ही सर्व शास्त्रो में कल्पसूत्र को सर्वश्रेष्ठ कहा गया है। उन्होंने कहा कि इस सूत्र के 9 व्याख्यान होते हैं। प्रथम व्याख्यान में साधू- साध्वियों के आचार एवं जीवनशैली का वर्णन आता है, जिसमें आदिनाथ प्रभु के समय में साधुओं की ऋजु (सरल) और जड़वृति रहती थी। उसके बाद के 22 तीर्थकरों के समय में ऋजु तथा प्राज्ञ वृत्ति वालें साधु साध्वी होते थे, जो स्वभाव से भी सरल तथा बुद्धि से ज्ञानवान होते थे, जबकि अंतिम 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर के समय में वक्र एवं जड़ स्वभाव वाले होते हैं, जो कि आत्मा और बुद्धि से वक्री होते हैं।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कल्पवृक्ष के सामने अपनी मनोवांछित अपेक्षाओं की पूर्ति हो जाती है। उसी प्रकार कल्पसूत्र एक ऐसा शास्त्र है, जिसके एक एक शब्द को समझकर अंतरआत्मा में उतारने के साथ ही जीवन में 21 बार भावपूर्वक श्रवण करें तो उस आत्मा को सातवें या तीसरे भव में मोक्ष पद की प्राप्ति हो जाती है। उन्होने कहा कि हम सभी ने जीवन में कई मर्तबा कल्पसूत्र का श्रवण किया है, परंतु अभी तक आत्मचिंतन जागृत नही हुआ है। इसका कारण है कि हम द्रव्यरुप से तो श्रवण करते है, लेकिन भाव रुप में संसार के मोह, माया के चक्र में उलझे हैं।

### कल्पसूत्र शास्त्र की निकाली गई शोभायात्रा

शुक्रवार को प्रातः 9 बजे जैन श्वेताम्बर मंदिरजी से गाजे बाजे के साथ कल्पसूत्र शास्त्र की शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सभी लाभार्थी परिवारों द्वारा सिर पर शास्त्रजी को लेकर शोभा यात्रा में शामिल थे। जैन आराधना भवन पहुँचने पर मुख्य लाभार्थी महेशकुमार दिलीपकुमार मानकचंद ठाकुरिया परिवारजनो के साथ अन्य लाभार्थी परिवारों द्वारा शास्त्र वाचन हेतु साध्वीजी को व्होराया गया। इसी के साथ शास्त्र की पूजन भी की गई। इसी के साथ पांच ज्ञान मतिज्ञान की पूजन राजेशकुमार सागरमल तिलगोता परिवार,श्रुतज्ञान पूजन सुरेशकुमार पुनीतकुमार काठेड़ परिवार,अवधीज्ञान व मनपर्यायज्ञान पूजन प्रितेशकुमार प्रेमचंद तिलगोता परिवार, केवलज्ञान पूजन गौतमकुमार इंदरमल फाफरिया परिवार द्वारा किया गया।



### महावीर जन्म वाचन कार्यक्रम कल

जैन आराधना भवन में रविवार को त्रिशला नंदन वीर भगवान महावीर का जन्म वाचन कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से शुरू होगा, जिसमें माता त्रिशला द्वारा देखे गए 14 स्वप्न के साथ, भगवान का पालनाजी घर ले जाने की बोली, जिन मंदिरजी में होने वाली आरती की बोलियां लगाई जाएगी। इस दिन प्रातः 6 बजे जैन मंदिरजी से नगर में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। तथा जैन आराधना भवन में प्रवचन उपरांत नगर में चैत्य परिपाटी निकाली जाएगी। जन्म वाचन कार्यक्रम उपरांत नगर में शोभायात्रा निकाली जावेगी तथा जिन मंदिरजी में सुरेशचंद, प्रकाशचंद, विजयकुमार, अशोककुमार इंदरमल फाफरिया की ओर से प्रभावना का वितरण किया जाएगा। तत्पश्चात जैन धर्मशाला में श्री संघ की ओर से साधार्मिक वात्सल्य का कार्यक्रम भी होगा। रात्रि में मंदिरजी में युवराज पंवार एंड पार्टी सुनेल द्वारा प्रभु भक्ति की प्रस्तुति दी जाएगी।

### एक ही परिवार के तीन भाई बने देशरक्षक, किया सम्मान

# 'निरंतर अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास ही असली पूंजी है'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कमला सागर विद्यालय प्रांगण में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के पूर्व छात्र व एक ही परिवार के तीन भाइयों को राष्ट्रसेवा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने पर सम्मानित किया गया। सम्मानित पूर्व छात्र विजय राठौर पिता रमेशचन्द्र राठौर ने कक्षा 12वीं गणित विषय से 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उच्च शिक्षा में प्रवेश लिया किंतु राष्ट्रसेवा को प्राथमिकता देते हुए भारतीय नौसेना में शामिल हो गए। उन्होंने लिखित परीक्षा शारीरिक एवं चिकित्सकीय परीक्षण उत्तीर्ण कर एसएसआर इंजीनियरिंग ब्रांच में स्थान प्राप्त किया। समारोह में विजय ने विद्यार्थियों को नौसेना में प्रवेश की प्रक्रिया और अपने अनुभव साझा किए।

इसी प्रकार लखन राठौर पिता घनश्याम राठौर ने 12वीं कक्षा में 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और हाल ही में उनका चयन भारतीय वायुसेना के व्हाय ग्रुप में हुआ। वे हाल ही में ट्रेनिंग कर लौटे हैं और समारोह में उन्होंने एयरफोर्स ट्रेनिंग की अनुशासित जीवनशैली और कठिन परिश्रम के महत्व को विस्तार से बताया। तीसरे भाई नीलेश राठौर ने गणित विषय से 12वीं उत्तीर्ण कर बीसीए की पढ़ाई पूरी की है। उनका भी चयन भारतीय वायुसेना के व्हाय ग्रुप में हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी और सफलता के लिए निरंतर अभ्यास पर जोर देते हुए मार्गदर्शन दिया। तीनों भाइयों ने अपने उद्बोधन में कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर अभ्यास अनुशासन और आत्मविश्वास ही असली पूंजी है। विद्यालय में मिली शिक्षा और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया है।

विद्यालय संचालक दिलीप तांतेड़ ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं बल्कि राष्ट्रनिर्माण की प्रयोगशाला है। विजय लखन और नीलेश जैसे तीन भाइयों ने यह सिद्ध कर दिया है कि लगन और आत्मविश्वास से किसी भी ऊँचाई को छुआ जा सकता है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी आज देश की रक्षा-संरचना का हिस्सा बनकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य चंद्रशेखर शर्मा ने इस उपलब्धि को विद्यालय और पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया।

### आज सुबह 10 से 2 बजे तक बंद रहेगी बिजली

**नलखेड़ा।** शनिवार को नलखेड़ा ग्रीड से चलने वाले सभी फीडर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेंगे। जिसके चलते विद्युत प्रदाय भी बंद रहेगा। विद्युत वितरण कंपनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार नलखेड़ा ग्रीड पर आरडीडीएस का कार्य होने से शनिवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक विद्युत प्रदाय बंद रहेगा।

# रुक रुककर होती रही बारिश, नाले की पुलिया पर आया पानी, मार्ग रहा बाधित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर सहित क्षेत्र में गत चार पांच दिनों से वर्षा का दौर जारी है। गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात से शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक रुक रुककर वर्षा होती रही। इस दौरान हुई वर्षा से नगर में बहने वाला नाला इस वर्षाकाल में पहली बार उफान पर आया जिसके चलते मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर स्थित पुलिया के ऊपर नाले का पानी आ गया। पुलिया के ऊपर नाले का पानी होने से कई घंटे तक मां बगलामुखी मंदिर मार्ग बाधित रहा। इस दौरान दर्शनार्थियों को ईदगाह के सामने से होकर मंदिर पहुंचना पड़ा। जानकारी के अनुसार शुक्रवार प्रातः 8 बजे समाप्त हुए 24 घंटे में तहसील में 37 मिमी (1.45 इंच) वर्षा दर्ज की गई जिसे मिलाकर इस वर्ष कुल 588 मिमी (23.14 इंच) वर्षा हो चुकी है। तहसील क्षेत्र में औसत वर्षा लगभग 36 इंच मानी जाती है।



### निशुल्क नेत्र शिविर में 145 मरीजों की हुई जांच, 46 का ऑपरेशन के लिए चयन

**नलखेड़ा।** समीपस्थ ग्राम गुदरावन में सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर एवं सरदार पटेल युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 13वां नेत्र शिविर पाटीदार धर्मशाला में शुक्रवार को आयोजित किया गया। जिसमें 145 मरीजों के नेत्रों की जांच की गई। इनमें से 46 मरीज का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु किया गया। ऑपरेशन वालों में 17 पुरुष व 29 महिला मरीज शामिल है। जिन्हें बस द्वारा आनंदपुर ले जाया गया। जहां भोजन, ठहरना, लाना ले जाना एवं लैंस फ्री डाले जाएंगे।

### समाजजनों के घरों पर सामूहिक नमस्कार महामंत्र जाप का चल रहा कार्यक्रम

# नवकार महामंत्र मंगल कलश की शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी मंडल की प्रेरणा से विश्व शांति, जनकल्याण, संकल्प सिद्धि व आत्म समृद्धि की भावना के साथ 68 दिवसीय नवकार महामंत्र की कलश यात्रा का कार्यक्रम समाज में चल रहा है। लाभार्थी परिवार के यहां नवकार कलश श्री संघ के साथ शोभायात्रा के रूप में ले जाया जा रहा है। जहां पर एक घंटे का सामूहिक नमस्कार महामंत्र का जाप प्रतिदिन चल रहा है। यहां क्रम लगातार 68 दिवस तक चलेगा। जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित रत्न निधि म.सा. व पुण्य निधि म.सा. आदि ठाणा-05 की पावन प्रेरणा एवं निश्रा में विभिन्न तप आराधना के साथ धार्मिक कार्यक्रम चल रहे हैं। 68 दिवसीय नवकार मंगल कलश प्रतिदिन लाभार्थी परिवार के यहां श्री संघ के साथ ले जाया जा रहा है।



शुक्रवार को नवकार मंगल कलश को बधाने का अनुपम लाभ अभयकुमार ताराचंद फाफरिया द्वारा लिया गया। प्रवचन उपरांत जैन आराधना भवन से ढोल के साथ नवकार कलश की शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजनों द्वारा भाग लिया गया। इसके पूर्व साध्वीजी द्वारा मंगल कलश का विधि विधान मंत्रोच्चार के साथ करवाया गया। प्रमुख मार्ग से कलश यात्रा फाफरिया के निवास पर पहुंची जहां पर मंगल कलश की स्थापना कर प्रभावना का वितरण किया गया। रात्रि में 8:30 से 9:30 तक सामूहिक जाप उनके निवास स्थान पर हुए। जैन समाज द्वारा आयोजित नवकार महामंत्र कलश यात्रा के दौरान नगर का वातावरण धर्म मय बना हुआ है। वही घर-घर में हो रहे नवकार जाप के चलते लाभार्थी परिवारों के घरों पर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह हो रहा है।

### खस्ताहाल सड़क का शीघ्र होगा निर्माण कार्य शुरू, क्षेत्रवासियों में खुशी

# तीन लाख 30 हजार की लागत से बनाई जाने वाली सड़क से क्षेत्रवासियों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वार्ड क्रमांक 10 के क्षेत्र के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू हो जाएगा। लंबे समय से खस्ताहाल सड़क के कारण क्षेत्रवासियों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने क्षेत्रवासियों से तीन लाख 30 हजार की लागत से बनाई जाने वाली सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन कराया। इस मौके पर क्षेत्र के लोगों में खुशी है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता सन्नी महाजन और नपाध्यक्ष श्री राठौर का क्षेत्र के पार्षद विवेक राठौर सहित अन्य ने स्वागत किया।




इस मौके पर वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद श्री राठौर ने बताया कि क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शिव मंदिर से प्रभा राठौर तक का मार्ग काफी जर्जर हो गया था, बारिश के दिनों में खस्ताहाल सड़क के कारण लोगों को पैदल चलने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब शीघ्र ही इस समस्या से निजात मिलेगी और 3 लाख 30 हजार की लागत से सीसी सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाएगा। इधर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा नेता श्री महाजन ने क्षेत्रवासियों से नगर को सुंदर और स्वच्छ रखने की अपील करते हुए कहाकि शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था की जा रही है, वार्डों से कचरा एकत्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहाकि शहर को नंबर बनाए जाने में अमले का सहयोग करें। भूमि पूजन के दौरान प्रमुख रूप से कमलेश राठौर, लोकेन्द्र वर्मा, रीना मिश्रा, रमाकांत समाधिया, ओम प्रकाश मिश्रा, डीआर मालवीय, वरिष्ठ पत्रकार योगेश उपाध्याय आदि मौजूद थे।

# पशु क्रूरता का मामला दर्जः आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने वीडियो के आधार पर पहचान की




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर में पशु क्रूरता का एक मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। घटना 20 अगस्त 2025 की रात करीब 12:30 बजे की है। फॉरेस्ट कॉलोनी सीहोर निवासी हिमांशु परमार ने पुलिस को शिकायत दी। उन्होंने पुराना बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति को गोवंश के साथ अप्राकृतिक कृत्य करते हुए देखा। शिकायतकर्ता ने घटना का वीडियो भी बनाया।

### पूछताछ में आरोपी ने कुबूल किया जुर्म

पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया। उप पुलिस अधीक्षक प्रवीण चढ़ोकर और थाना प्रभारी रविंद्र यादव के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और शिकायतकर्ता द्वारा दी गई वीडियो के आधार पर आरोपी की पहचान की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी की पहचान प्यारे मियां के रूप में हुई है, जो पुराना बस स्टैंड सीहोर का रहने वाला है। उसे पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(a) के तहत गिरफ्तार किया गया है।

खबर संक्षेप

## न्यायालय परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों की गहन चैकिंग की



**देवास।** पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा शहर में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के उद्देश्य से जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सतत पेट्रोलिंग, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान एवं सुरक्षा व्यवस्था की प्रभावी निगरानी हेतु निर्देशित किया गया है।इसी क्रम में आज दिनांक शुक्रवार को शहर एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में सीएसपी सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना सिविल लाइन प्रभारी हितेश पाटिल द्वारा पुलिस बल के साथ न्यायालय परिसर में तैनात पुलिस गार्ड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायालय परिसर में नियुक्त समस्त पुलिसकर्मी उपस्थित पाए गए तथा उनके कर्तव्यों के निर्वहन की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त न्यायालय परिसर में आने-जाने वाले आम नागरिकों, वादकारियों तथा संदिग्ध प्रतीत होने वाले व्यक्तियों से पूछताछ की गई । सुरक्षा की दृष्टि ई-रक्षक फेस रिकग्निशन सिस्टम का उपयोग कर संदिग्ध व्यक्तियों के चेहरे स्कैन किए गए, जिससे उनका आपराधिक रिकॉर्ड तत्काल सत्यापित किया जा सका। इस तकनीक के माध्यम से कई पुराने अपराधियों की जानकारी की पुष्टि की गई।

## संविधान जागरुकता हेतु भाषण तथा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**देवास।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृ.प.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवास में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में संविधान की जागरूकता हेतु भाषण तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता का विषय महिला सषक्तिकरण तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय संविधान संशोधन करते समय जनता की राय लेना चाहिए रहा। उक्त प्रतियोगिताओं में 17 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की व अपने विचार साझा किए।

### कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की बैठक हुई

# स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार देने नेट्स और नेपस में उद्योग करे पंजीयनः कलेक्टर

पर्यावरण प्रदूषण की बढ़ती समस्या को देखते हुए उद्योग फॉसिल फ्यूल की अपेक्षा ग्रीन फ्यूल का उपयोग करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



लोकल जॉब एम्प्लॉयमेंट, इंडस्ट्रियल पॉल्यूशन कंट्रोल, इंडस्ट्रीज एसोसिएशन को आ रही समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में देवास इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की बैठक का आयोजन एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज देवास कांफ्रेंस हॉल में हुआ। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश को इण्डस्ट्री फ्रेंडली बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। जिसके लिए जिले में लगातार इण्डस्ट्री के विकास के लिए कार्य किए जा रहे है। कलेक्टर सिंह ने कहा कि इण्डस्ट्री को आ रही समस्याओं का सकारात्मक निराकरण किया जाएगा। प्रशासन लगातार लोकल एम्पलोयमेंट को लेकर गंभीर है। देवास में इण्डस्ट्री तो बहुत है, परन्तु लोकल एम्पलोयमेंट कम है। इसके लिए प्रशासन द्वारा नवाचार कर लोकल एम्पलोयमेंट के लिए कार्य कर रही है। जिससे जिले के युवाओं को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पढेगा और उन्हें देवास में ही रोजगार मिल सकेगा।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि शासन द्वारा संचालित नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम एवं नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम में देवास जिले के शत प्रतिशत उद्योगों द्वारा पंजीयन किया जाए, जिससे जिले के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर मिल सकें। कलेक्टर सिंह ने कहा कि सभी उद्योग सीएसआर फण्ड का उपयोग सामाजिक कार्यो में करें। पर्यावरण प्रदूषण की बढ़ती समस्या को देखते हुए उद्योग फॉसिल फ्यूल की अपेक्ष ग्रीन फ्यूल का उपयोग करें, जिससे पर्यावरण प्रदूषण भी कम होगा। बैठक में सिंह ने उद्योगपतियों को आ रही समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि उद्योगपतियों की दिक्कतों का समयबद्ध निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन उद्योगों के साथ मिलकर ऐसा वातावरण तैयार करेगा, जिससे देवास निवेशकों के लिए और अधिक आकर्षक गंतव्य बन सके। एमपीआईडीसी उज्जैन के कार्यकारी निदेशक राजेश राठौड़ ने भी बैठक में उद्योगपतियों को भरोसा दिलाया कि औद्योगिक विकास और निवेश बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार उद्योगों के हित में नई नीतियों को प्रभावी रूप से लागू कर रही है और देवास को एक महत्वपूर्ण औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रयासरत है।

# ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट आउटरिच सेशन कार्यक्रम में शासन इकाई लगाने के लिए उद्योगों को दे रहा है सुविधाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




फेडरेशन ऑफ इंण्डियन एक्सपोर्ट ओर्गनाईजेशन तथा विदेश व्यापार महानिदेशालय के तत्वाधान में ई-कार्मस ऐक्सपोर्ट आउटरिच सेशन (निर्यात बन्धु स्कीम अन्तर्गत) कार्यक्रम का आयोजन होटल खेडापति इंटरनेशनल देवास में किया गया। कार्यक्रम में वृहद उद्योग, मध्यम उद्योग एवं एमएसएमई विनिर्माण इकाईयों द्वारा उत्पादित सामग्री को निर्यात करने में आने वाली कठिनाईयों के समाधान एवं शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में एफआईईओ के एम.पी. चेप्टरहेड अमित कुमार बरेठा ने एफआईईओ द्वारा निर्यातक इकाईयों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

असिस्टेंट डीजीएफटी इन्दौर हेमा ने विदेशी व्यापार को बढ़ावा देने के लिये शासन स्तर से दी जा रही सहायता एवं योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान असिस्टेंट डायरेक्टर ऑफ एमएसएमई डीएफओ इन्दौर निलेश त्रिवेदी तथा ब्रांच मैनेजर ईसीजीसी. इन्दौर विकास पतकर, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र देवास आरएस डावर, पोस्ट मास्टर इंण्डिया पोस्टल डिपार्टमेंट इन्दौर श्रीनिवास जोशी ने उद्योग संबंधित जानकारी साझा की। अमेजॉन ग्लोबल सेलिंग हेड सौरव कुमार ने वर्चुअली जुड़कर कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में एमएसएमई. विभाग देवास की ओर से प्रबंधक भानुप्रताप सिंह राणा ने मध्यप्रदेश शासन द्वारा एमएसएमई को निर्यात अन्तर्गत दी जाने वाली सहायता तथा विभागीय उद्योग विकास अनुदान योजना 2025 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में सभी शासकीय प्रतिनिधियों द्वारा पावर पाईन्ट प्रजेंटेंशन के माध्यम से मौजूदा औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों को निर्यात संबंधी वैशविक आंकडों के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा आज के दौर में ई-कार्मस के माध्यम से निर्यात को किस तरह अधिकाधिक बढाया जा सकता है तथा इकाई का टर्नओवर तथा व्यापार क्षमता को ग्लोबल स्तर पर कैसे आगे लाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में इकाई प्रतिनिधियों के सवालों का भी सभी विभागों द्वारा समाधान किया गया।

# जिला अभिभाषक संघ ने फेसबुक पोस्ट पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की

न्यायपालिका की गरिमा पर हमले का विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला अभिभाषक संघ देवास के अध्यक्ष अशोक वर्मा एवं समस्त कार्यकारिणी व अधिवक्ताओं ने एक स्वर में अदालत का दरवाज़ा खटखटाया है। जिला अभिभाषक संघ के बैनर तले न्यायालय सौरभ जैन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी महोदय देवास को एफ आई आर की कार्यवाही के लिए प्रस्तुत किया आवेदन संघ अध्यक्ष ने बताया कि शक्ति सिंह तोमर नामक व्यक्ति ने अपनी फेसबुक आईडी "शक्ति सिंह तोमर (एसएस) डॉग लवर" से 14 अगस्त 2025 को एक आपत्तिजनक पोस्ट डालकर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्तियों जस्टिस आर. महादेवन एवं जस्टिस जे.बी. पारदीवाला सहित सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता की गरिमा को ठेस पहुँचाई है। अधिवक्ताओं ने कहा कि यह कृत्य न केवल न्यायपालिका की प्रतिष्ठा को चोट पहुँचाता है, बल्कि भारतीय न्याय संहिता की धाराएँ 353(2), 224, 152, 132, 296, 351 तथा आईटी एक्ट की धारा 66-ए व 67 के तहत अजमानतीय व आजीवन कारावास तक दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है। अध्यक्ष अशोक वर्मा ने बताया कि इस मामले की शिकायत संबंधित थाने एवं पुलिस अधीक्षक देवास में की गई, लेकिन अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई। इसी कारण बीएनएसएस की धारा 175(3) के तहत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अधिवक्ता संघ ने न्यायालय से आग्रह किया है कि आरोपी के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज करने एवं अनुसंधान के बाद अभियोग पत्र पेश करने के निर्देश जारी किए जाएँ। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि ₹यह केवल न्यायपालिका पर हमला नहीं, बल्कि पूरे समाज के न्याय के भरोसे पर चोट है। इस अवसर पर संघ सचिव अतुल कुमार पंड्या, उपाध्यक्ष पंकज पंड्या, महिला उपाध्यक्ष गीता शर्मा, सहसचिव जितेंद्र सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह तोमर, पुस्तकालय सचिव श्वेत्तांक राज शुक्ला और वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र बापट, रघुवीर यार्दी, राजेंद्र बापना, नोटरी एड. अनिल राज सिंह सिकरवार सहित करीबन 300 वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित थे।

# परिवहन विभाग ने हाटपीपल्या और बरोठा क्षेत्र में कार्रवाई कर वसूला एक लाख दस हजार का राजस्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में परिवहन विभाग द्वारा लगातार जांच कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में परिवहन विभाग द्वारा हाटपीपल्या एवं बरोठा मार्ग पर संचालित होने वाली यात्री बसों/स्कूल बसों की जांच की गई। जांच कार्यवाही में दल द्वारा ऑक्सफोर्ड स्कूल, ब्राईट फ्यूचर स्कूल, मॉ यशोदा पब्लिक स्कूल, एम्स पब्लिक स्कूल, संस्कार पब्लिक स्कूल, एचीवर स्कूल में संचालित स्कूल बसों की जांच की गई। जिले के बरोठा एवं हाटपिपल्या मार्ग पर व्यावसायिक वाहनों को चैक किया।

जांच के दौरान वाहन से संबंधित समस्त दस्तावेजों जैसे परमिट, फिटनेस, बीमा, पीयूसी रजिस्ट्रेशन आदि की जांच की गई। साथ ही वाहनों में अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन द्वार वीएलटीडी इत्यादि है अथवा नहीं इसकी जाँच की गई। जांच कार्यवाही में लगभग 70 बसों की जांच की गई। जॉच में 01 यात्री बस एवं 13 स्कूल बसें जप्त की गई। इसी प्रकार अन्य वाहनों में भी जॉच करने पर कमियाँ पाई जाने पर चालानी कार्यवाही की जाकर फिटनेस, बीमा एवं ओव्हरलोडिंग की धाराओं में 24 वाहनों से 01 लाख 10 रूपये का राजस्व वसूला गया।

इसमें जसवंतसिंह दौहरे, गोलू पटेल, सरफराज खान, निलेश साल्वे, बाबुलाल देवड़ा, शाकिर खान भगतसिंह भलावी शामिल रहे। जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान द्वारा वर्तमान में वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए परिवहन अधिकारी द्वारा समस्त व्यावसायिक वाहन चालकों से अपील की है कि वर्षाकाल में यात्री बसों का संचालन सावधानीपूर्वक करें, अनावश्यक रेसिंग ना करें तथा पुल- पुलियाओं पर जल भराव की स्थिति में वाहन पार न करें। जिले में परिवहन विभाग की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# उपयंत्रियों की हड़ताल से काम प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



मनरेगा अभियंता संघ के उपयंत्रियों के 10 दिवसीय अवकाश पर होने के कारण मनरेगा संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे हैं। शुक्रवार को जनपद पंचायत के सभी उपयंत्रियो ने बागली विधायक से मिलकर समर्थन पत्र लिया। उपयंत्री दीपक पटेल ने बताया कि मनरेगा अभियंता संघ के सभी उपयंत्री 10 दिवसीय अवकाश पर हैं। मनरेगा अभियंता संघ मध्यप्रदेश के आव्हान पर मनरेगा अभियंता संघ जिला देवास के समस्त उपयंत्री अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर 10 दिनों के अवकाश पर चले गए है। संघ के पटेल ने बताया कि कई वर्षों से लंबित मांगों को लेकर शासन-प्रशासन को अवगत कराया जाता रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। जिसके चलते वे 8 सूत्रीय मांगों को लेकर अवकाश पर चले गये है। इंजीनियरों के अवकाश पर जाने से पंचायतों के कामकाज प्रभावित हो रहे है। वही अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए अभियंता संघ के इन इंजीनियरों ने विधायक से भेंट कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही मांग पत्र का ज्ञापन भी प्रेषित किया है। यही नहीं अभियंता संघ नें सभी विधायकों से मांगो को लेकर समर्थन मांगा है। सभी विधायकों नें समर्थन के साथ-साथ मुख्यमंत्री को मांगपूर्ति हेतु अनुशंसा पत्र लिखे है। वही अभियंता संघ द्वारा चेतावनी दी है कि मांगों का निराकरण नहीं होने पर सभी अभियंता आगामी समय में दीर्घकालीन अवकाश पर चले जाएंगे। फिलहाल में उपयंत्रीगण अवकाश पर है। जिसका असर कामकाज पर दिखाई पड़ रहा है। जिले के तमाम जनपदों में कार्यरत उपयंत्रीगण इस समय अवकाश पर है। इस दौरान जनपद बागली के उपयंत्री विनोद ,अनुराग दीवारी,दीपक पटेल,भारत,आशिष शुक्ला ,संजीव साकिया,समस्त मनरेगा अभियंता संघ के सदस्य उपस्थित थे।

# जैन मंदिर पर पर्युषण पर्व पर वार्षिक 11 कर्तव्यों पर हुआ प्रेरणादायी प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



शिवपुर जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक महातीर्थ पर भव्य पर्युषण महापर्व के पावन अवसर पर पूज्यपाद आचार्य देव श्रीमद्विजय पद्मभूषणरत्नसूरीश्वर तथा श्रीऋषभरत्नविजय महाराज ने वार्षिक 11 कर्तव्यों पर प्रेरणादायी प्रवचन दिया। महाराज साहब ने बताया कि प्रत्येक श्रावक को इन 11 कर्तव्यों का पालन अवश्य करना चाहिए। संघ पूजा से समाज में एकता और धर्म की प्रतिष्ठा बढ़ती है।

साधार्मिक भक्ति से परस्पर स्नेह और करुणा की भावना जागृत होती है।यात्रात्रिक से तीर्थयात्रा और धर्ममार्ग की प्रेरणा मिलती है।स्नान,पूजा, आत्मा की शुद्धि और भगवान के जन्मकल्याणक का स्मरण कराती है।देव द्रव्य वृद्धि से देवालय और धर्मकार्य की परंपरा मजबूत होती है। महापूजा सामूहिक भक्ति और समर्पण का प्रतीक है।रात्रि जागरण आलस्य को दूर कर आत्मबल बढ़ाता है।श्रुतज्ञान भक्ति से शास्त्रज्ञान और मोक्षमार्ग की पहचान होती है।उद्यापन व्रतों की पूर्णता और आत्मबल की वृद्धि का मंगलोत्सव है।तीर्थ प्रभावना से तीर्थ महिमा का प्रचार और साधना की प्रेरणा मिलती है। आलोचना शुद्धि आत्मपरीक्षण और पापमुक्ति का श्रेष्ठ साधन है।अंत में उन्होंने कहा कि इन 11 कर्तव्यों से आत्मा का शुद्धिकरण होता है और धर्म की प्रतिष्ठा अक्षुण्ण बनी रहती है।साथ ही घोषणा की गई कि आज शनिवार को प्रातः 8:45 बजे कल्पसूत्र गुरु भगवान को मनोजकुमार मांगीलाल बोलिया द्वारा अर्पण किया जाएगा।

### सीईओ जिला पंचायत शर्मा ने जनपद बागली में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक ली

# बाल वाटिका, प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा ने गुरुवार को जनपद सभाकक्ष में जनपद बागली के समस्त पंचायतों की समीक्षा बैठक ली। सीईओ जिला पंचायत शर्मा ने आवास योजना में प्रगति संतोषजनक ना होने पर पीपरी के सेक्टर अधिकारी अरुण जायसवाल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। समस्त योजनाओं में प्रगति न्यून होने पर पोटला, पारसपीपली, मगरादेह, पोनासा के सचिव महुखेड़ा, पारसपीपली, बोरपड़ाव, मगरादेह, पिपलियालोहाड़ के सहायक सचिवो को कारण बताओ सुचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। सीईओ जिला पंचायत शर्मा ने अगले 15 दिवस में वांछित प्रगति ना आने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।बैठक के दौरान सरपंच, सचिव, सहायक सचिवों के लिए उन्मुखिकरण कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया, जिसमें सरपंचो के अधिकार, टेक्स के प्रकार और संग्रहण के सिद्धांत, दायित्व आदि बताए गए। शर्मा ने नयापुरा में बाल वाटिका, प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को सुधारने के निर्देश हेड मास्टर को दिए। जटाशंकर महादेव मंदिर में कुंड पर कार्य करने के लिए पंचायत को निर्देशित किया गया। जटाशंकर महादेव मंदिर पर बच्चों द्वारा बेल पत्र विक्रय किए जा रहे थे, सीईओ जिला पंचायत शर्मा द्वारा उनसे शिक्षा की जानकारी ली। कन्या पायल पिता दिनेश व उनके भाई अमित पिता दिनेश द्वारा बताया गया की उनके पिताजी वर्ष 2017 में ही शांत हो गए थे। इसके पश्चात से वह अपने दादाजी के साथ निवास कर रहे हैं और तीसरी कक्षा में पढ़ाई कर रहे थे लेकिन बागली से दादाजी जटाशंकर रहने आ गए उसके पश्चात से स्कूल नहीं गए। सीईओ जिला पंचायत शर्मा ने जनपद सीईओ को दोनों बच्चों की पढ़ाई लिखाई कर उनके रहने की व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए। जनपद सीईओ राजू मेड़ा द्वारा दोनों बच्चों की पढ़ाई लिखाई अन्य खर्चो की जवाबदारी ली गई। सीईओ जिला पंचायत शर्मा ने ग्राम पंचायत बरझाई की बाल वाटिका का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत एस.एस. सिंह, परियोजना अधिकारी संजय पाटिल, जनपद सीईओ राजू मेड़ा, पुर्व जनपद अध्यक्ष निर्मला हुकम कंठली उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर परिषद भौंरासा जिला देवास (म.प्र.)**

दूरभाष, फेक्स क्र. 07270-273227
Email- cmobhorsa@mpurban.gov.in

क्र/459/ न.प./2025 भौंरासा दिनांक 21/08/2025

**प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के बीएलसी घटक अंतर्गत तैयार हितग्राहीयो की सूची के संबंध में दावे आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु सूचना**

एतद द्वारा सर्व सधारण जनता को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद भौंरासा जिला देवास अंतर्गत वार्ड क्र. 01 से 15 तक मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग मध्यप्रदेश भोपाल के प्राप्त निदेर्शानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 (शहरी) के प्राप्त आवेदनो के दस्तावेजो का मौके पर सत्यापन किये जाने के उपरांत पात्र हितग्राहियो की सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय में प्रेषित किये जाने के पूर्व दावा आपत्ति करने हेतु अंतिम दिवस 27/08/2025 सांयकाल 05 बजे तक प्रमाणित साक्ष्य सहित कार्यालय में उपस्थित होकर दावे आपत्ति कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावे आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। दावा आपत्ति आमंत्रण किये जाने वाले हितग्राहियो की सूची नगर परिषद भौंरासा के सूचना पटल पर चस्पा कि गयी है। जिसका अवलोकन निर्धारित अवधि में कार्यालयिन समय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद भौंरासा

## खबर संक्षेप



### थाना महरौनी पुलिस ने तीन वारंटी पकड़े

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस द्वारा तीन वारण्टी प्रकाश उर्फ गब्बू पुत्र घनश्याम सहारिया उम्र करीब 42 वर्ष नि0 ग्राम भैंरा थाना महरौनी, रामस्वरूप पुत्र गनपे उम्र करीब 50 वर्ष, हरीराम पुत्र रामस्वरूप उम्र करीब 20 वर्ष समस्त नि गण ग्राम गुमची बम्हौरी घाट थाना महरौनी से सम्बन्धित गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### खोले गए गोविंद सागर बांध के फाटक

**ललितपुर।** अत्यधिक जल वर्ष के कारण भराव क्षेत्र में जल का आवक अधिक होने के कारण गोविंद सागर बाँध के 12 गेटों को 4 - 4 फीट रात्रि में खोले गए। जिससे लगभग 6264 क्यूसेक पानी की निकासी की जाएगी पानी रपटा से नीचे रहेगा। क्षेत्रवासियों से अपील है कि नदी के किनारे से दूर रहें।

### उद्यानिक उन्नयन गोष्ठी में कृषक रवाना

**ललितपुर।** झांसी, प्रयागराज एवं चित्रकूटधाम मण्डल बांदा की संयुक्त उद्यानिक उन्नयन गोष्ठी में 70 से अधिक कृषकों को प्रतिभाग करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी एस०एन०चौहान एवं जिला उद्यान अधिकारी राजेन्द्र कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट से हरी झण्डी दिखाकर बांदा के लिए रवाना किया।

### आठ श्रेणियों में गंगा सम्मान पुरस्कार-2025

**ललितपुर।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, नई दिल्ली के निर्देशानुसार राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उत्तर प्रदेश द्वारा गंगा और उसकी सहायक नदियों के संरक्षण, स्वच्छता, पर्यावरणीय पुनर्जीवन व जन भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु गंगा सम्मान पुरस्कार-2025 का आयोजन किया जाना है। प्रभागीय निदेशक ,सदस्य सचिव- जिला गंगा समिति गौतम सिंह द्वारा बताया गया कि इस पुरस्कार का उद्देश्य ऐसे व्यक्तियों, संस्थाओं और संगठनों को सम्मानित करना है, जिन्होंने जनपद में गंगा और उनकी सहायक नदियों की स्वच्छता व संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। प्रदेश के सभी जिलों से जिला गंगा समितियों को निर्धारित प्रारूप और दिशा-निर्देशों के अनुसार नामांकन राज्य स्वच्छ गंगा मिशन को उपलब्ध कराना है। इसके बाद राज्य स्तर पर गठित कमेटी की ओर से गंगा सम्मान के लिए उपयुक्त व्यक्तियों, संस्थाओं और संगठनों का चयन किया जाएगा। इस वर्ष गंगा सम्मान पुरस्कार निम्न आठ श्रेणियों में प्रदान किया जाना है। 1.श्रेष्ठ स्वयंसेवी संगठन, 2. श्रेष्ठ पर्यावरणविद, 3.श्रेष्ठ शैक्षणिक संस्था, 4. श्रेष्ठ ग्राम प्रधान, 5.श्रेष्ठ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, 6. छोटी नदियों के पुनर्जीवन के प्रयास हेतु व्यक्ति, 7. संस्था तथा संगठन, 8. श्रेष्ठ जिला गंगा समिति, श्रेष्ठ जिला परियोजना अधिकारी परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति- नमामि गंगे केतन दुबे ने बताया कि उपरोक्त श्रेणियों में उपयुक्त नामांकन पत्र 30 अगस्त 2025 तक निर्धारित प्रारूप पर आवश्यक दस्तावेजों सहित राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उ.प्र. को उपलब्ध कराए जाने है ' इस बारे में अधिक जानकारी के लिए प्रभागिय निदेशक कार्यालय में संपर्क कर विस्तृत जानकारी ली जा सकती है।

### साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण

**ललितपुर।** शुक्रवार को स्थानीय पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने साप्ताहिक परेड की सलामी ली, तदोपरान्त परेड का सूक्ष्मता से निरीक्षण करते हुये पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश जारी किये। इस दौरान एसपी ने फॉरेन्सिक वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। एसपी ने रिक्रूट आरक्षियों का अनुशासन, ड्रिल, शारीरिक क्षमता, वर्दी आदि का निरीक्षण भी किया।

---

### रेलवे स्टेशन पर चलाया साइबर क्राइम जागरूकता अभियान

# स्टेशन पर यात्रियों व स्टाफ को साइबर अपराध से बचने के लिए किया जागरुक

**हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर**

पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक के निर्देशन में साइबर क्राइम थाना, ललितपुर द्वारा साइबर जागरूकता अभियान के तहत रेलवे स्टेशन पर जाकर यात्रियों व रेलवे स्टाफ को साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूक किया गया। तत्पश्चात साइबर क्राइम थाना, ललितपुर टीम द्वारा रेलवे स्टेशन के अनाउंसमेंट उपकरण से अनाउंस कर रेलवे स्टेशन पर मौजूद प्रत्येक यात्री को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। बिना देखे व अनजान व्यक्ति को फोन पर उसकी बातो में आकर किसी प्रकार का कोई पैसा नही डालें।

किसी भी अज्ञात नं0 से क्रेडिट होने का टैक्स्ट मैसेज के आधार पर यकीन नही करें। तत्काल अपना बैंक बैलेस चेक करें तथा मैसेज के आधार पर किसी भी व्यक्ति को पैसे ना डालें। अळट रद्दंस्त्रस्त्रल्लॅ से बचें। अळट से पैसे विड्रॉ करते समय किसी भी अनजान व्यक्ति को में प्रवेश न करने दें। किसी भी अनजान व्यक्ति को हाटस्पाट शेयर न करें क्योकि अपराधी उसका दुर्पयोग कर सकता है। किसी भी अज्ञात मोनं से व्हाट्सअप या अन्य किसी सोशल मीडिया पर विडियो काल रिसीव न करें। अगर रिसीव करना जरूरी है तो अपने कैमरे को ढककर रिसीव करें जिससे आप की चेहरा इस्तेमाल करते हुए डीप फेंक फोटो/विडियो न बना सके।



#### वेबसाइट पर जाकर अपना फ्रिंगरप्रिन्ट लाक कर दें

फेसबुक या अन्य किसी सोशल मीडिया पर जरूरत से ज्यादा आईडी न बनायें। अगर किसी भी सोशल मीडिया पर आईडी बनी हो जिसे इस्तेमाल नही करते हो तो उसे डिलीट या डिएक्टीवेट कर दें। फेसबुक पर किसी अज्ञात व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट असेप्ट न करें। किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक नही करें। टेलीग्राम या अन्य किसी सोशल मीडिया पर मिलने वाले टास्क या किसी पैसा डबल करने वाले लालच में आकर पैसा न डालें। केबीसी लकी ड्रा या अन्य किसी लकी ड्रा के संबंध में जीती हुयी रकम प्राप्त करने हेतु मांगी गयी कोई रजिस्ट्रेशन राशि ना डालें। मोबाइल पर आने वाले किसी ओटीपी को किसी के साथ शेयर न करें। अगर आप पोश मशीन से पैसा बिड्रॉ नही करते हैं तो आधार कार्ड की वेबसाइट पर जाकर अपना फ्रिंगरप्रिन्ट लाक कर दें जिससे आपके अंगूठे का क्लोन बनाकर ठगी नही हो सके। अगर आपको कोई फेसबुक या किसी अन्य सोशल मीडिया पर कोई वाहन दिखाया जा रहा है और काम दाम में सेल किया जा रहा और एडवांस पैसा मांगा जा रहा है तो ऐसे व्यक्ति को वाहन डिलवरी होने तक पैसा न दें। गरीब लोगो से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान के लिये रजिस्ट्रशन फीस की मांग को लेकर हो रहे स्कैम को लेकर गरीब लोगो जागरूक करे छात्रो को बताया गया। सिम लेते समय ध्यान रखे कि एक सिम लेते समय अपना अंगूठा थंब स्कैनर पर एक ही बार लगायें। बैंक किसी भी ग्राहक से उसकी पर्शनल डिटेल नही मांगता है। यदि बैंक के नाम से फोन आता है तो बैंक जाकर ही सम्पर्क करे। अक के संबंध में जानकारी दी कि आपके साथ अक का इस्तेमाल करते हुए किसी आपके जानने वाले की वायस का इस्तेमाल कर धोखधडी हो सकती है। सावधान रहने की हिदायत दी गयी। नौकरी के नाम पर अपना आधार कार्ड, पेन कार्ड, फोटो, व हस्ताक्षर किसी अनजान को सोशल मीडिया के माध्यम से न दें तथा अपने नाम पर किसी को सिम खरीद कर न दें। उक्त समस्त जानकारी साइबर क्राइम अभियान के तहत फ्रॉड से बचने के लिए दी गई है

---

### जय अंबे रक्तदान समिति की पहल

# रक्तदान कर दो महिला मरीजों का बचाया जीवन




**हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर**

जय अंबे रक्तदान समिति के सदस्य अतुल नरवारे ने समिति को सूचना देकर बताया कि मेडिकल कॉलेज के महिला चिकित्सालय मे भर्ती गर्भवती महिला मरीज के पति पुष्पेंद्र परमार अपनी गर्भवती पत्नी अमीरी देवी निवासी नई बस्ती गांधीनगर को एबी पॉजिटिव ब्लड के लिए काफी परेशान हो रहे है क्योंकि स्वयं उनका ब्लड ग्रुप पत्नी के ग्रुप से मैच नही हुआ और ना ही ब्लड बैंक मे उपलब्ध है और कोई भी उनकी मदद करने के लिए आगे नही आ रहे है समिति के सदस्यों को जानकारी प्राप्त होते ही रक्तदाता शाहरुख खान को सूचना दी।

अपने सभी आवश्यक कार्य को छोड़कर तुरंत ब्लड बैंक पहुंचे और जरूरतमंद गर्भवती महिला मरीज अमीरी देवी को चौथी बार एबी पॉजिटिव ब्लड जीवनदान के रूप मे रक्तदान किया। समिति के सदस्य एवं रक्तदाता सहित सभी ब्लड बैंक के बाहर निकले तो ब्लड बैंक के बाहर आरती परमार ने बताया की मेडिकल कॉलेज मे भर्ती सावित्री देवी चंदेल बानपुर के परिजन ए नेगेटिव ब्लड के लिए भटक रहे है और काफी परेशान है आपकी जय अंबे रक्तदान समिति ही मदद कर सकती है क्योंकि सावित्री के परिजनों का भी ब्लड ग्रुप मैच नही होने के कारण काफी परेशान है सावित्री के परिजनों ने समिति के सदस्यों को अपनी समस्या बताइ समिति के सदस्यों ने मौके पर ही सावित्री देवी को ए नेगेटिव ब्लड उपलब्ध कराया दोनों महिला मरीजों के परिजनों ने रक्तदाता सहित समिति का धन्यवाद आभार व्यक्त किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर कन्हैया लाल रजक बलराम राज पुष्पेंद्र परमार अतुल नरवारे आरती परमार खिल्लू चंदेल ग्राम खिरिया छातारा कल्यानपुर धर्मेंद्र चंदेल बानपुर संजय पंत आदि रहे।

---

### बीमा कंपनी से शिकायत में आ रही परेशानी

# प्रधानमंत्री फसल बीमा टोल फ्री नंबर पर बीमित किसान करें शिकायत

**हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर**

कृषकों को हुये व्यक्तिगत नुकसान तथा फसल बीमा ऐप पर शिकायत दर्ज कराने में आ रही समस्याओं की सूचनायें प्रकाश में आ रही है। जिन कृषकों का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ फसलों का प्रीमियम कटा है वे कृपया टोल फ्री नम्बर 14447 पर अथवा प्रधानमंत्री फसल बीमा ऐप (जो प्ले स्टोर पर उपलब्ध है) के माध्यम से नुकसान के 72 घंटे के अन्दर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

टोल फ्री नम्बर पर शिकायत करते समय घटना का समय 72 घण्टे से अधिक न हो. नुकसान का वर्तमान कारण जल प्लावन तथा जिस खाते से बीमा कटा हो उसका सही-सही विवरण बताना चाहिये, अन्यथा आवेदन निरस्त हो सकता है। प्रधानमंत्री फसल बीमा ऐप शिकायत दर्ज कराने का अधिक सुरक्षित साधन है। ऐप से शिकायत दर्ज कराने के लिये कृषक अपने खेत पर जाकर ऐप पर शिकायत का विवरण अपलोड करायें। बैंक खाते का विवरण तैयार रखें, नुकसान का कारण जल प्लावन अतिवृष्टि दर्ज करें, साथ ही फसल की फोटो तथा वीडियो भी अपलोड करें। कृपया यथासम्भव ऑफलाइन शिकायत जमा करने से बचें, इससे त्रुटि के कारण व्यक्तिगत बीमा लाभ से वंचित रह सकते हैं। ऐप पर शिकायत दर्ज कराने में कृषकों को आने वाली तकनीकी समस्या के निवारण में सहयोग के लिये बीमा कम्पनी के कर्मचारियों के साथ कृषि विभाग के समस्त कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है। कृषक अपने क्षेत्र के कृषि विभाग में कर्मचारी से ऐप पर शिकायत दर्ज करने के लिये तरीकों को सीखकर कृषक साथियों की मदद कर सकते हैं। कृषि विभाग अथवा बीमा कम्पनी के कर्मचारी के सम्बन्ध में जानकारी के लिये कृपया उप कृषि निदेशक, ललितपुर, जिला समन्वयक एग्रीकल्चर इन्श्योरेंस कम्पनी के वाट्सएप नम्बर से जानकारी प्राप्त कर समय सीमा शिकायत दर्ज करायें।

---

# बाल कल्याण पुलिस अधिकारी की मासिक बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर**



**पुलिस अधीक्षक ने दिए दिशा निर्देश**

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी (नोडल अधिकारी) कालू सिंह के पर्यवेक्षण व सीओ यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में थाना ए.एच.टी. व एस.जे.पी.यू., समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के साथ मासिक गोष्ठी माह अगस्त की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला पुलिस लाइन सभागार में आहुत की गयी।

जिसमें महिला व बाल सुरक्षा संगठन उ.प्र. लखनऊ द्वारा जारी एसओपी, अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं सुझाव पीड़ितों के आवासन, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर क्राइम, एस.सी./एस.टी. एक्ट, नारी शक्ति किशोर न्याय अधिनियम 2015 मे हुए नवीनतम संशोधन पॉस्को एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉस्को के मामले में फार्म ए व बी व एसबीआर रिपोर्ट पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जे.जे एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि आदि तथा पोक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्तों की माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त बेल नोटिस को बाल कल्याण समिति एवं वादी, पीड़िता को अंदर समय उपलब्ध कराना के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ ही साथ जनपद मे गुमशुदा बच्चों के पंजीकृत व लंबित मामलो व पास्को एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों पर चर्चा व जेजे एक्ट से सम्बंधित आदेश निर्देश एवं जागरुकता के अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में सी.डब्लू.सी., श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन, चाइल्ड लाइन, प्रधान किशोर न्याय बोर्ड, जिला अभियोजन, वन स्टाफ सेन्टर एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण व सभी थानो से सम्बन्धित बाल कल्याण अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

---

### नेहरू महाविद्यालय में नवाचार



# आत्मनिर्भरता एवं उद्यमिता विकास विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर**

नेहरू महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल एवं रसायन विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में उद्यमिता दिवस 2025 पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की माननीय प्राचार्य प्रोफेसर आशा साहू ने की तथा कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ. जगवीर सिंह ने किया। प्राचार्य ने कहा कि यह दिवस उद्यमिता की शक्ति और समाज एवं अर्थव्यवस्था पर उसके प्रभाव को रेखांकित करता है। भारत में भी आज हजारों महिला उद्यमी अपने-अपने क्षेत्रों में बदलाव की कहानी लिख रही हैं। महिला उद्यमियों में प्रमुख नाम रेणुका मिश्रा (रेनहोम्ज़), निशा नायर (यामिनी लाइफस्टाइल्स) और सौम्या खन्ना (द सोप कंपनी इंडिया) हैं। जिन्होंने वॉलमार्ट वृद्धि जैसे कार्यक्रमों से जुड़कर अपने सपनों को साकार किया और सैकड़ों महिलाओं के जीवन में रोजगार एवं आत्मनिर्भरता का प्रकाश फैलाया। संगोष्ठी में विशेष वक्ता के रूप में डॉ. संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस उद्यमिता की अलख जगाकर नवाचार और परिवर्तन को समर्पित है। आर्थिक गतिविधियों के विभिन्न क्षेत्रों में मनाया जाने वाला यह दिवस उन उद्यमियों को समर्पित है जो विकास और आय उत्पन्न करते हैं और नई तकनीकों और नवाचारों के विकास में योगदान देते हैं। इस प्रकार, उद्यमिता केवल व्यवसाय से कहीं आगे जाती है, यह विचारों को विकसित करने और समाज के सामने आने वाली समस्याओं को यथासंभव अपरंपरागत तरीकों से हल करने के लिए तत्पर रहने के बारे में है।

#### वैश्विक उद्यमिता जटिल लेकिन लाभदायक प्रक्रिया

प्रोफ़ेसर अनिल सूर्यवंशी ने कहा कि वैश्विक उद्यमिता एक जटिल लेकिन लाभदायक प्रक्रिया है जो व्यवसायों को दुनिया भर में विकसित होने और फलने-फूलने का अवसर प्रदान करती है। डॉ. विनोद वर्मा ने उद्यमिता को आत्मनिर्भर भारत का आधार बताते हुए कहा कि ₹आज, कृषि क्षेत्र में उद्यमिता को अपनाकर युवा नौकरी चाहने वाले के बजाय नौकरी देने वाले बन सकते हैं। जैविक खेती, कृषि-व्यवसाय, प्रसंस्करण इकाइयाँ और कृषि-तकनीक स्टार्टअप भविष्य की आवश्यकता हैं।₹ डॉ. जगवीर सिंह ने कहा कि उद्यमिता, समाज में मूल्यवर्धन करने वाले उत्पादों, सेवाओं या समाधानों में नवाचार, विकास और विस्तार के अवसरों की पहचान, सृजन और उन्हें आगे बढ़ाने की एक सक्रिय प्रक्रिया है। ऐसे उद्यम स्थापित करने के लिए करते हैं जो मौजूदा प्रतिमानों को तोड़ते हैं, अपूर्ण आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

---

### युवा रोजगार मेला का आयोजन

# लखनऊ के रोजगार महाकुंभ में 50 हजार युवाओं को मिलेंगी नौकरियां

**हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर**

उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के नौजवानों के लिए रोजगार महा कुंभ का आयोजन कर लगभग 50 000 युवाओं को नौकरी देने के लिए तैयारी कर रही है युवक/युवतियों को सेवायोजन विभाग उप्र लखनऊ द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में दिनांक 26, 27 एवं 28 अगस्त, को रोजगार महाकुंभ/कैम्पस प्लेसमेट का आयोजन किया जा रहा है।

इस रोजगार महाकुंभ में 50,000 से अधिक रिक्तियां उपलब्ध हैं जिसमें देश विदेश की प्रतिष्ठित कम्पनियां प्रतिभागी अभ्यर्थियों को चयनित करेगी। इन विभिन्न कम्पनियों द्वारा इण्टर, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक, पैरामेडिकल कोर्सिस आदि में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन उनके बायोडाटा एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा। इस रोजगार महाकुंभ में श्रमिक वर्ग, कुशल कामगार व अकुशल कामगार भी प्रतिभाग कर सकते हैं। साथ ही रोजगार महाकुंभ में संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जापान और जर्मनी जैसे देशों में 15000 से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। वहीं आइटी, विनिर्माण सेवा और उभरते उद्योगों में 35 हजार से अधिक घरेलू नौकरियां दी जायेंगी। इसमें उद्योग जगत के अग्रणी विशेषज्ञों के सहयोग से डिजीटल कौशल, ए0आई0 प्रशिक्षण और

---

### जल जीवन मिशन में ठेकेदार की बड़ी लापरवाही

# 6 माह से अधूरे पड़े काम पाइप लाइन के लिए खोदे गड्ढे व सड़क अस्त व्यस्त

**हरिभूमि न्यूज ⏭ तालबेहट**



जल मिशन योजना के तहत तहसील तालबेहट अंतर्गत गांव में घर-घर पानी पहुंचाने का काम चल रहा है। इस योजना के लिए पंचायत थाना गांव में पाइप लाइन बिछाने के वास्ते आजादपुरा के अथाई मुहल्ले में बीच सडक़ पर कई जगह बड़े बड़े गड्ढे खोदे गए थे लेकिन ठेकेदार की लापरवाही से ये गड्ढे बिना किसी सुरक्षा उपाय के खुले छोड़ दिए गए हैं व रास्ता का समतलीकरण कार्य भी नहीं किया गया है

लोगों को रास्ते से निकलने में व वाहन निकालने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जगह जगह इन खुले गड्ढों से किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय निवासियों ने बताया बारिश का मौसम है पिछले छह माह से बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं व स्थानीय निवासियों को बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है, सडक़ उबड़-खाबड़ पड़ी है, गड्ढों में नालियों का गन्दा पानी भरा है। विशेष चिंता का विषय यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान भी नहीं दे रहे हैं। शिकायत जनसुनवाई के माध्यम से दर्ज करा दी गई

---

### बिरधा ब्लाक की उत्तमधाना में ग्राम में चौपाल कार्यक्रम

# गांव की समस्या का गांव में ही समाधान : विधायक

**हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर**

सदर विधायक प्रत्येक शुक्रवार को अपनी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों में चौपाल लगाकर जन समस्याओं का निराकरण करने के लिए गांव-गांव में चौपाल आयोजित की जा रही है। बिरधा ब्लाक की उत्तमधाना में ग्राम में चौपाल कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी समस्याएँ एवं सुझाव सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के समक्ष रखी।

प्रमुख तौर पर विधायक के समक्ष चौपाल में उठी मुख्य समस्याएँ में हर घर जल योजना में पेयजल आपूर्ति में बाधा एवं हैंडपंपों की मरम्मत, विद्युत आपूर्ति में व्यवधान एवं ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि/परिवर्तन, विद्यालयों में शिक्षकों की कमी एवं शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार, ग्रामीण संपर्क मार्गों के गड्ढामुक्तीकरण एवं नई सड़कों का निर्माण, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक व दवाओं की उपलब्धता,आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण आहार की नियमित आपूर्ति,किसानों को नहरों एवं ट्यूबवेल से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराना,मनरेगा के लंबित भुगतान एवं कार्यों की पारदर्शिता सुनिश्चित करना। विधायक ने सभी




समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं विभागीय अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया कि विद्युत विभाग शीघ्रातिशीघ्र खराब ट्रांसफार्मरों को बदले एवं विद्युत आपूर्ति नियमित करे। जल निगम/पंचायती राज विभाग सभी खराब हैंडपंपों की प्राथमिकता से मरम्मत कराए।खण्ड विकास अधिकारी मनरेगा के लंबित भुगतान सुनिश्चित करें तथा कार्यों में पारदर्शिता लाएँ। स्वास्थ्य विभाग के ग्राम पंचायत से संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं व चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करे। शिक्षा विभाग विद्यालयों में शिक्षक उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करे।

#### *चौपालें शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करती*

*चौपाल को संबोधित करते हुए विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा जनता से सीधा संवाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। चौपालें शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करती हैं। गांवों का सर्वांगीण विकास ही जिले की प्रगति की पहचान है। जब तक गांव तरक्की नहीं करेंगे, तब तक विकास अधूरा रहेगा। आदरणीय दीनदयाल उपाध्याय जी के सपने को साकार करते हुए, माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल निर्देशन में योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार का लक्ष्य है, कि शासन की प्रत्येक योजना अंतिम छोर तक बैठे पात्र लाभार्थी तक पहुँचे, यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। विधायक ने ग्रामवासियों से आह्वान किया कि वे स्वच्छ भारत मिशन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वृक्षारोपण, पोषण अभियान और नशामुक्ति जैसे सामाजिक अभियानों में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।ॉ चौपाल में ब्लॉक प्रमुख विरधा मोहित निरंजन भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री बंशीधर श्रीवास मंडल अध्यक्ष जाखलौन देशपत कुशवाहा , रमेश यादव इरशाद अहमद ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, तहसील प्रशासन, पुलिस विभाग एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। ग्रामवासियों में विशेषकर महिलाओं और युवाओं की सहभागिता उल्लेखनीय रही। महिलाओं ने स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी समस्याएँ रखीं, वहीं युवाओं ने रोजगार एवं खेलकूद की सुविधाओं से संबंधित सुझाव प्रस्तुत किए।*

